RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com
# नागौर डेली न्यूज
नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित
अहसास बदलाव का...
वर्ष: 1 | अंक 329 | नागौर, 09 नवम्बर, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## पुष्कर मेला-2022 का हुआ समापन : मेला ग्राउंड में विदेशी व इंडियन के बीच हुए गेम्स

अजमेर।

विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले का समापन कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से विदेशी व इंडियन टूरिस्ट के बीच कई गेम्स आयोजित हुए। स्कूली छात्रों ने राजस्थानी गानों पर डांस किया तो वही, कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मेला ग्राउंड में आयोजित हुए। प्रोग्राम के बाद सभी को सम्मानित भी किया गया।

पुष्कर मेला-2022 का मंगलवार को मेला ग्राउंड में समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, जिला कलेक्टर अंशदीप, एसपी चुनाराम जाट, एडीए कमिश्नर अक्षय गोदारा, एडिशनल एसपी विकास सांगवान, वैभव शर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी समापन कार्यक्रम में पहुंचे। साढे 10 बजे के करीब गवर्नमेंट स्कूल की 172 छात्राओं द्वारा राजस्थानी गानों पर डांस कर कई प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान पूरे ग्राउंड के चारों तरफ लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### विदेशी व इंडियंस के बीच हुए गेम्स

डांस कार्यक्रम के बाद जिला प्रशासन की ओर से मेला ग्राउंड में विदेशी व इंडियन महिलाओं के बीच मटका दौड़ आयोजित करवाई गई। जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भारतीय महिलाओं ने जीत हासिल की। इसके तुरंत बाद चम्मच दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 15 महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पहला और दूसरा इनाम भारतीय महिलाओं ने जीता, तो वहीं तीसरा इनाम यूएसए की महिला टूरिस्ट ने जीत हासिल की।



**चम्मच रेस प्रतियोगिता के बाद विदेशी व भारतीय महिलाओं के बीच रस्सी खींच प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें भारत की महिलाएं विजेता हुई। वही, विदेशी और इंडियन लड़कों के बीच भी रस्सी खींच प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें भी इंडियंस ने जीत हासिल की। इसके तुरंत बाद बोरा रेस प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। जिसमें भारतीय महिलाओं ने जीत हासिल कर खुशी जाहिर की।**



### ऊंट परेड व कला जत्था यात्रा निकाली

मेला ग्राउंड में गेम्स प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने के बाद ऊंट परेड व कला जत्था यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले पुष्कर के ऊंट शिंगार प्रसिद्ध अशोक टाक अपने कैमल के साथ प्रस्तुति देने लगे। इसके बाद रॉबीले, कच्छी घोड़ी, कालबेलिया डांस, ढोल प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रमों की प्रदर्शनी मुख्य अतिथियों के सामने दी गई।

## प्रेमी ने प्रेमिका का गला काटा, मरा समझकर फरार

### युवती ने खून से लिखे माता-पिता के नंबर, जयपुर से भगाकर ले गया था युवक

धौलपुर।

अनजान नंबर से आए कॉल से युवती को युवक से प्यार हो गया और वह प्रेमी के साथ भागकर उसके घर पहुंच गई। एक महीने तक साथ रखने के बाद परिजनों के कहने पर युवक ने युवती को अपने घर लौटने को कहा तो दोनों में कहासुनी हो गई। इससे गुस्साए प्रेमी ने युवती के गले पर चाकू से कई वार किए और मरा समझकर फरार हो गया। युवती ने पार्क की बेंच पर खून से माता-पिता के नंबर लिखे और किसी तरह रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई। पुलिस ने गंभीर घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसको जयपुर रेफर कर दिया। मामला धौलपुर का है।

कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसोरिया ने बताया कि तीन जगह से गला कटने से गंभीर रूप से घायल हुई एक युवती को देर रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवती ने प्राथमिक बयानों में बताया है कि अनजाने में आए एक कॉल की वजह से उसे बाड़ी के युवक दिनेश माहौर से प्यार हो गया। करीब 1 महीने पहले वह उसको जयपुर से भगाकर अपने साथ बाड़ी ले आया। 1 महीने बाड़ी में अपने साथ रखने के बाद आरोपी युवक की बहन ने अपने भाई से युवती को वापस जयपुर छोड़कर आने के लिए कहा।

जिस पर सोमवार रात करीब 10 बजे रेलवे स्टेशन के पार्क में आरोपी युवक और युवती में जयपुर वापस भेजने की बात पर कहासुनी हो गई। इससे गुस्साए युवक ने उसके गले पर चाकू से एक के बाद एक तीन वार कर दिए। युवती को मरा समझकर आरोपी मौके से फरार हो गया।

## मंत्री ने पहले दौसा सीईओ को गेटआउट किया, फिर जिलाबदर:75 आरएएस अफसरों के तबादले, 7 एडीएम, 4 जिला परिषद सीईओ बदले

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए 75 राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले किए हैं। 7 एडीएम और 4 जिला परिषद सीईओ बदले गए हैं। 34 उपखण्ड अधिकारी के ट्रांसफर किए गए हैं। मंत्री-विधायकों की डिजायर का ख्याल रखते हुए आरएएस अफसर बदले गए हैं। तबादला सूची में दौसा जिला परिषद के सीईओ शिवचरण मीणा का टोंक एडीएम के पद पर तबादला हुआ है। 5 दिन पहले शिवचरण मीणा को चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने गेटआउट बोल कर बैठक से बाहर निकाल दिया था और काम में ढिलाई और लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताई थी। मंत्री ने कहा था ऐसे अधिकारी कुंडा बैठाएंगे। विधायक कोष से स्वीकृत किए कार्यों में लेटलतीफी को लेकर मंत्री ने यह कड़े तेवर दिखाए थे।

### लालकृष्ण आडवाणी का 95वां जन्मदिन

## मोदी ने घर जाकर बधाई दी; दोनों करीब 40 मिनट साथ रहे, केक काटा

नई दिल्ली।



भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी मंगलवार 95 साल के हो गए। नरेंद्र मोदी ने उन्हें घर जाकर बधाई दी। पीएम करीब 40 मिनट उनके साथ रहे और केक काटा। मोदी के अलावा राजनाथ सिंह भी आडवाणी के घर पहुंचे। राजनाथ सिंह ने आडवाणी के साथ फोटो ट्वीट किया- मैं भगवान से उनके अच्छे स्वास्थ्य और लम्बी आयु की कामना करता हूं। आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची में हुआ था। 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 7वें उप-प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृहमंत्री रहे। वे भाजपा के फाउंडर मेंबर्स में शामिल हैं। 2015 में उन्हें पद्म विभूषण मिला था। आडवाणी के हर जन्मदिन पर पीएम मोदी उनके घर जाकर बधाई देते हैं। भाजपा के नेताओं के साथ मिलकर पीएम केक भी कटवाते हैं।

## खत्म हुआ साल का आखिरी चंद्र ग्रहण

नई दिल्ली

चंद्र ग्रहण की पहली तस्वीर ग्वाटेमाला से आई । यहां चंद्रमा का आधा हिस्सा दिखा। इसके अलावा जापान की राजधानी टोक्यो और और ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चंद्रमा पर धरती की छाया पड़ती दिखाई दी। साल का आखिरी चंद्र ग्रहण खत्म हो गया है। भारत में इसका असर मंगलवार शाम 4.23 बजे से शुरू हुआ जो शाम 6.19 बजे समाप्त हो गया। यानी कुल मिलाकर ग्रहण का असर 1 घंटे 56 मिनट ही रहा। इसके साथ ही अब देशभर में मंदिरों के कपाट खुल गए और विधिवत आरती और पूजा शुरू हो गई। अपने घरों में भी लोगों ने शुद्धिकरण किया। भारत में अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में पूर्ण ग्रहण के साथ चंद्रोदय सबसे पहले देखा गया। दिल्ली में 5.28 बजे से और मुंबई में 6.01 बजे से आंशिक चंद्र ग्रहण शुरू हुआ। यह 6.19 बजे खत्म हो गया। इसके अलावा



कोलकाता, कोहिमा, पटना, पुरी, रांची और ईटानगर में पूर्ण चंद्र ग्रहण देखा गया जबकि शेष भारत में आंशिक चंद्र ग्रहण दिखा।

**2023 में होंगे 4 ग्रहण, 2025 में अगला पूर्ण चंद्र ग्रहण**-2023 में कुल चार ग्रहण होंगे। इनमें दो सूर्य ग्रहण 20 अप्रैल और 14 अक्टूबर को और दो चंद्र ग्रहण 5 मई और 28 अक्टूबर को पड़ेंगे। हालांकि अगले साल देश में सिर्फ एक आंशिक चंद्र ग्रहण ही दिखेगा जो 28 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के दिन होगा। 5 मई 2023 को पड़ने वाले चंद्र ग्रहण की धार्मिक मान्यता नहीं होगी। अगला पूर्ण चंद्र ग्रहण 7 सितंबर 2025 को होगा, जो भारत में दिखेगा।

## उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड की तरह हिमाचल में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी : नड्डा

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की तरह दोबारा पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश और गुजरात में आम आदमी पार्टी की चुनौती को खारिज करते हुए कहा कि उसका चुनाव के दौरान शोर मचाने और सबसे ज्यादा सीटों पर जमानत तक नहीं बचा पाने का इतिहास है। नड्डा ने कहा कि दोनों ही राज्यों में भाजपा के सामने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस है।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा दोनों राज्यों में आसानी से जीत हासिल कर पुनः सरकार बनाएगी। अपने इस विश्वास के लिए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता के लगाव को प्रमुख कारण बताते हुए भाजपा अध्यक्ष ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि पहले मुख्यमंत्री के रूप में उनके कामकाज ने गुजरात में पार्टी को चुनाव में जीत दिलाई और 2014 में केंद्र में सरकार बनाने के बाद उन्होंने सत्ता विरोधी लहर को सत्ता समर्थक लहर में तब्दील कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा 2019 में मोदी के नेतृत्व में दोबारा केंद्र की सत्ता में आई और फिर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के अलावा असम, गोवा तथा मणिपुर समेत कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में सत्ता-विरोधी लहर को धता बताया। नड्डा ने आप पर निशाना साधते हुए कहा, ''यह पार्टी आती है और बहुत शोर-शराबा करती है। आपने उत्तर प्रदेश में, गोवा में और उत्तराखंड में भी ऐसा देखा। क्या हुआ? वे अधिकतर सीटों पर जमानत तक नहीं बचा पाए।

## राजस्थान में 2 एमएम बारिश

### 10 से चलेगी सर्द हवा : सर्दी के सीजन की पहली बरसात, 7 जिलों में आज भी अलर्ट

जयपुर।

राजस्थान में सोमवार देर रात सर्दी के सीजन की पहली बारिश हुई। नया वेदर सिस्टम बनने की वजह से उत्तरी राजस्थान के श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर के कुछ हिस्सों में तेज हवा चली और 2 एमएम तक पानी बरसा। मंगलवार सुबह भी श्रीगंगानगर, चूरू, हनुमानगढ़, सीकर, झुंझुनूं और जैसलमेर में बादल छाए रहे जबकि जयपुर और जोधपुर में सुबह-सुबह हल्की धुंध रही। आज भी प्रदेश के सात जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों ने अनुमान जताया है कि गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर में कहीं-कहीं हल्की बारिश संभव है। सीकर, झुंझुनूं, जैसलमेर एरिया में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने के आसार हैं। इसके बाद 10 नवंबर से प्रदेश में ठंड बढ़ेगी। उधर, मौसम केंद्र जयपुर और जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बीती रात श्रीगंगानगर के रायसिंह नगर में 1.4रूरू गजसिंहपुर 2 और पदमपुर में 1एमएम बारिश हुई। इसी तरह चूरू में 0.4 और पिलानी में 1 एमएम तक बरसात रिकॉर्ड की गई है।

## जोधपुर एयरबेस से एक साथ उड़े 13 राफेल, सुखाई, तेजस

### बॉर्डर पर इंडिया-फ्रांस के वायुसेना अध्यक्ष ने भरी उड़ान, एक घंटे तक गरजे जेट्स

जोधपुर।

पाकिस्तान बॉर्डर के नजदीक स्थित जोधपुर एयरबेस पर इन दिनों दुनियाभर के देशों की निगाहें टिकी हुई हैं। यहां के आसमान में गूंजती राफेल, सुखोई और तेजस जैसे एडवांस्ड फाइटर की आवाजें दुश्मनों को डराने के लिए काफी हैं। दरअसल, इन दिनों यहां इंडिया और फ्रांस की एयरफोर्स के बीच गरुड़-7 युद्धाभ्यास किया जा रहा है। करीब दस दिन से जारी इस एक्सरसाइज में आज दोनों देशों के एयर चीफ ने भी फाइटर जेट्स में करीब एक घंटे तक उड़ान भरी। इस एक्सरसाइज में हवा में फ्यूल से भरने से लेकर वेपन सिस्टम के नए सिरे से यूज करने की प्रैक्टिस की गई। मंगलवार को एक साथ 13 फाइटर जेट ने बेस से उड़ान भरी। यह फाइटर जेट हवा में प्रैक्टिस करते रहे। मंगलवार को सुबह 11 बजकर 20 मिनट पर जोधपुर एयरबेस से 5 राफेल, 5 सुखोई और 3 तेजस फाइटर जेट ने उड़ान भरी। खास बात ये भी रही कि इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने राफेल और फ्रांसीसी एयरफोर्स फ्रेंच आर्मी डे एयर के चीफ जनरल स्टीफन ने सुखोई में को-पायलट के तौर पर उड़ान भरी।

### दिल्ली में हुई थी मुलाकात

वहीं सोमवार को दिल्ली स्थित वायुसेना मुख्यालय में दोनों देशों के चीफ की मुलाकात हुई। दोनों ने युद्धाभ्यास, आपस में सहयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। ये दूसरा मौका है जब जोधपुर एयरबेस पर गरुड़ युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के चीफ ने एक दूसरे के फाइटर उड़ाए। इससे पहले साल 2014 में गरुड़ के 5वें संस्करण के दौरान भारतीय वायुसेना के तत्कालीन चीफ अरूप राहा और फ्रांसीसी चीफ डेनिस मेर्सियर ने उड़ान भरी थी।

### छह युद्धाभ्यास हो चुके हैं

दोनों देशों की एयरफोर्स के बीच गरुड़ सीरिज के पहले छह युद्धाभ्यास हो चुके हैं, उनमें से तीन भारत में और तीन फ्रांस में हुए हैं। वर्ष 2014 में जोधपुर में यह युद्धाभ्यास हो चुका है। इस युद्धाभ्यास के बाद ही भारत के राफेल खरीदने के सौदे ने तेजी पकड़ी थी और आज राफेल इंडियन एयरफोर्स का हिस्सा बन चुका है। फ्रांस वायु सेना के 220 जवानों की टुकड़ी के साथ जोधपुर में युद्धाभ्यास कर रही है। बताया जा रहा है कि 12 नवंबर तक यह युद्धाभ्यास चलेगा। दोनों देशों की सेनाओं के बीच यह सातवां अभ्यास है। इससे पहले पहला, तीसरा और पांचवां अभ्यास 2003, 2006 और 2014 में वायु सेना स्टेशन ग्वालियर, कलाईकुंडा और जोधपुर में आयोजित किया गया था।

### दो वर्ष पूर्व हुआ था डेजर्ट नाइट

जोधपुर के आसमान में 2 वर्ष पहले से भारत और फ्रांस के फाइटर्स जेट राफेल के बीच रोमांचक मुकाबला हो चुका है। डेजर्ट नाइट नाम का यह युद्धाभ्यास जोधपुर एयरबेस पर हुआ था। थार के रेगिस्तान में युद्धाभ्यास होने के कारण इसका नाम डेजर्ट नाइट रखा गया। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के बीच नियमित रूप से होने वाले युद्धाभ्यास गरुड़ से अलग था। सामरिक विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ माह से राफेल उड़ा रहे भारतीय पायलट अपनी क्षमता दर्शाएंगे। वहीं कई बरस से राफेल उड़ा रहे फ्रांस एयरफोर्स के पायलटों से मुकाबला करने के साथ उन्हें इस विमान के बारे में काफी कुछ सीखने को मिलेगा। युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के पायलट्स अपने अनुभवों को एक-दूसरे से शेयर करेंगे।



## सम्पादकीय

# संकट का धुआं

दिल्ली और इससे सटे राज्यों में वायु प्रदूषण की वजह से हालात गंभीर हो गए हैं। कई दिनों से धुएं की चादर आसमान में कायम है। जिस तरह हवा जहरीली होती जा रही है, उससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। वायु प्रदूषण के कारण भले कई हों, लेकिन अभी बड़ी वजह पराली का धुआं है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में किसान पराली जला रहे हैं और सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हैं। विडंबना यह है कि जहां सभी राज्यों को पराली की समस्या से निपटने के सामूहिक प्रयास करने चाहिए, वहीं सब एक दूसरे पर ठीकरे फोड़ने में लगे हैं।

बताया जा रहा है कि पंजाब में एक ही दिन में पराली जाने के मामलों में सोलह फीसद की वृद्धि हो गई। केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि राजस्थान में इस साल अक्तूबर में पराली जलाने की घटनाओं में एक सौ साठ फीसद का इजाफा हुआ। ऐसा नहीं कि पराली जलाने में किसी एक राज्य का ही योगदान सबसे ज्यादा हो, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि पराली को लेकर राज्यों के बीच राजनीति ही ज्यादा हो रही है।

सवाल इस बात का है कि आखिर राज्य इस समस्या का समाधान क्यों नहीं निकाल पा रहे? जबकि सुप्रीम कोर्ट की लगातार सख्ती और निगरानी के साथ केंद्र सरकार, पर्यावरण मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आदि निकाय राज्यों को हिदायत देते रहे हैं। पिछले कुछ सालों में इस मुद्दे पर राज्यों के आला अफसरों की बैठकें भी होती रही हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि पराली जलाने की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही। इससे तो लगता है कि सरकारें हाथ खड़े कर चुकी हैं। लगता है जैसे कि यह काम राज्यों के बस का रह ही नहीं गया है। वरना क्या कारण है कि राज्य सरकारें किसानों को पराली जलाने से रोक नहीं पा रहीं।

पराली जलाने की मजबूरी को लेकर किसान अब तक जो तर्क देते रहे हैं, उससे साफ हो जाता है कि सरकारों का रवैया ही उन्हें इसके लिए मजबूर करता रहा है। आज भी पंजाब और दूसरे राज्यों में किसानों के सामने बड़ा संकट पराली नष्ट करने वाली मशीनों का है। जिस बड़े पैमाने पर ये मशीनें किसानों को उपलब्ध करवाई जानी चाहिए थीं, लगता है उसमें सरकारें सफल नहीं हुईं। फिर, ऐसे किसानों की संख्या काफी बड़ी है जो मशीन खरीदने या किराए पर लेने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में किसानों के सामने पराली जलाने के अलावा और चारा रह भी क्या जाता है?

पराली से वायु प्रदूषण भले कुछ ही समय रहता हो, लेकिन इससे हालात इतने ज्यादा बिगड़ जाते हैं कि उन्हें संभालना मुश्किल हो जाता है। पराली के धुएं से जिस तरह लोग बीमार पड़ रहे हैं, वह अपने में कम गंभीर नहीं है। पराली के धुएं से होने वाला वायु प्रदूषण रक्तचाप और सांस संबंधी गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। न सिर्फ राजधानी दिल्ली में, बल्कि ज्यादातर बड़े शहरों में वायु प्रदूषण की वजह से लोग फेफड़ों की बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने का बड़ा कारण वायु प्रदूषण बताया जा रहा है। लेकिन संकट यह है कि पराली को लेकर राज्य राजनीति करने में मगन हैं। अगर इस समस्या से पार पाने के लिए राज्य आपस में मिल कर रणनीति बनाएं और उस पर ईमानदारी से काम करें तो क्या यह कोई मुश्किल काम है?

# धरती बचाने की चुनौती

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित कई शहरों में हवा की गुणवत्ता खतरनाक स्थिति में है। दिल्ली और आसपास के अस्पतालों में प्रदूषणजनित बीमारियों का इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में तीन गुना बढ़ गई। चिकित्सक सलाह दे रहे हैं कि अलसुबह और शाम को लोग घूमने जाने से बचें। खासकर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को प्रदूषित हवा के कारण ज्यादा नुकसान पहुंचने का डर है। विडंबना तो यह है कि ऐसा इस बार ही नहीं हुआ है, बल्कि पिछले कई सालों से यह सिलसिला चला आ रहा है कि नवंबर के महीने में उत्तर भारत के बड़े हिस्से में वायु प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दीपावली के बाद के हवा का जहरीला होना एक नियमित और गंभीर समस्या बन गया है। हवा में प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों की मात्रा मानक स्तर से कई गुना अधिक हो जाती है। चिकित्सकों का तो यहां तक कहना है कि वायु प्रदूषण के कारण बच्चों के मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है जो उनके जीवन की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। यों भी कोविड महामारी ने आबादी के बड़े हिस्से के फेफड़ों की क्षमता पर प्रतिकूल असर डाला है।**

**किसी** भी बड़ी यात्रा की शुरुआत एक छोटे कदम से होती है। तय यह भी है कि किसी बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कुछ छोटे स्वार्थों का त्याग करना होता है। नीतियों और व्यवहार में यदि किंचित दूरदृष्टि को अपनाया जाए तो कोई लक्ष्य कठिन नहीं होता। यह उम्मीद शर्म अल शेख सम्मेलन में पहुंचे देशों से है। चिकित्सा विज्ञान की भाषा में जिन्हें पोस्ट कोविड सिंड्रोम यानी कोविड महामारी के बाद के लक्षण कहा जा रहा है, उनमें समूचे श्वसन तंत्र की क्षमताओं पर प्रतिकूल प्रभाव भी शामिल है। हाल में अध्ययनों से यह साबित भी हुआ है कि अधिक मात्रा में प्रदूषित हवा ग्रहण करने से हृदय संबंधी विकारों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण केवल भारत की ही समस्या नहीं है, सारी दुनिया इससे ग्रस्त है। इसीलिए पर्यावरण संरक्षण को लेकर पिछले कई दशकों से दुनिया भर में लगातार चर्चाएं हो रही हैं। हर साल जलवायु सम्मेलन हो रहे हैं। इस बार भी संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में मिस्र के शर्म अल शेख शहर में रविवार से पर्यावरण के वैश्विक संदर्भों पर चर्चा करने के लिए भागीदार देशों का सम्मेलन यानी कॉप 27 (कांफ्रेंस आफ पार्टीज) शुरू हो चुका है।



यह सम्मेलन दो सप्ताह तक चलेगा। इसके पहले यह सम्मेलन स्काटलैंड के ग्लासगो शहर में हुआ था। पृथ्वी के पर्यावरण को लेकर दुनिया की यह चिंता 1990 के दशक में सारी दुनिया को एक मंच पर लेकर आई थी, जब ब्राजील के रियो दे जेनेरियो शहर में पहला पृथ्वी सम्मेलन हुआ था। तब से बातें तो बहुत होती रहीं, लेकिन जिम्मेदार देशों द्वारा अपनी भूमिका को ईमानदारी से आज तक नहीं निभाया गया। इसी का नतीजा है कि दुनियाभर में जलवायु संकट के गंभीर नतीजे देखने को मिल रहे हैं। इस बात को एक उदाहरण से समझ सकते हैं। कतिपय अपवाद यदि छोड़ दिए जाएं तो शहरों में वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण सड़कों पर दौड़ने वाले वाहन हैं। इन वाहनों में इस्तेमाल होने वाले जैविक ईंधन याने पेट्रोल और डीजल से वायुमंडल में कार्बन डाई आक्साइड, मीथेन, नाइट्रोजन जैसी विषैली गैसें निकलती हैं और हवा की गुणवत्ता को खराब करती हैं। होना तो यह चाहिए था कि ऐसे में जैविक ईंधन के इस्तेमाल को हतोत्साहित किया जाता। यदि सरकारें सार्वजनिक परिवहन को सहज सुलभ और गुणवत्तापूर्ण करने की दिशा में तेजी से बढ़तीं तो लोग वैयक्तिक वाहनों के इस्तेमाल से परहेज करते। लेकिन पिछले तीन-चार दशकों में जिस तरह से कारों और दुपहिया वाहनों की बिक्री को प्रोत्साहित किया गया, उसे देख कर यह लगता है कि सरकारें सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता के प्रति ज्यादा संवेदनशील नहीं हैं। यह स्थिति भारत जैसे विकासशील देशों में तो बहुत ही शिद्दत के साथ महसूस की जा सकती है। हालांकि बिजली से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की बात हो रही है, लेकिन इस दिशा में विकासशील देशों को एक लंबा रास्ता तय करना होगा। और विकासशील देश ही क्यों, अमेरिका जैसे देश में भी अस्सी फीसद ऊर्जा का उत्पादन जैविक ईंधन से ही होता है, जबकि यूरोपीय देशों में यह आंकड़ा सत्तर फीसद है। जैविक ईंधन में कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस शामिल है। जिस प्राकृतिक गैस को कतिपय लोग पर्यावरण की दृष्टि से बहुत सुरक्षित माध्यम मानते हैं, वह प्राकृतिक गैस जैविक ईंधन द्वारा उत्पादित होने वाली कार्बन डाई आक्साइड जैसी जहरीली गैस के कुल उत्सर्जन में तेईस प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है। जिम्मेदार मुल्कों का पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि इसी साल जुलाई में यूरोपीय संघ ने इस बात की पैरवी की कि कतिपय कार्यों में इस प्राकृतिक गैस के उपयोग को दोषरहित करार दिए जाते हुए स्वीकार्य माना जाए। विकासशील और अविकसित देशों का कहना है कि वे विकसित देशों द्वारा पर्यावरण को पहुंचाए गए नुकसान की कीमत क्यों अदा करें? यह सच है कि कुछ देशों ने विकास की अंधी दौड़ में सबसे आगे बने रहने या सबसे आगे पहुंचने के लिए प्रकृति के साथ बहुत खिलवाड़ किया है और इस खिलवाड़ के प्रति अपनी नाराज़गी के संकेत प्रकृति अब खुल कर देने लगी है। इस साल गर्मी के मौसम में यूरोप और अमेरिका के बड़े हिस्से में जंगल धधकते नजर आए। शहरों का तापमान इतना बढ़ गया कि रेल की पटरियां तक नहीं बच पाईं।

कई शहरों में नागरिकों के लिए सड़कों पर पानी की फुहारों का इंतजाम करना पड़ा। हालत यह हो गई कि लंदन ब्रिज को पिघलने से बचाने के लिए उसे ढंकना पड़ा। पर्यावरण पर होने वाली वैश्विक चर्चाओं में हर बार यह तय किया जाता है कि दुनिया में कार्बन उत्सर्जन स्वीकार्य स्तर तक लाने के लिए हरसंभव कोशिश की जानी चाहिए। मगर हर बार ताकतवर देश अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए कोई न कोई रास्ता निकाल लेते हैं। यह सच है कि अफ्रीका और एशिया महाद्वीप में आबादी का बड़ा हिस्सा गरीबी की रेखा के नीचे जी रहा है। करोड़ों लोगों के लिए बिजली की उपलब्धता आज भी एक सपना है। विकासशील और अविकसित देशों का तर्क है कि जिन देशों ने अपने विकास के नाम पर पर्यावरण को बड़ा नुकसान पहुंचाया है और व्यापार के नाम पर दोनों हाथों से चांदी काटी है, उन देशों को चाहिए कि वे ऐसे देशों को आर्थिक और तकनीकी मदद उपलब्ध कराएं जो विकास की दौड़ में पीछे छूट गए हैं और आर्थिक दृष्टि से बहुत संपन्न नहीं हैं। लेकिन उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े स्तर पर अपने नागरिकों की सुविधाओं का बलिदान करें।

## आज का राशिफल

### मेष
स्फूर्ति और ताजगीपूर्ण सुबह से दिन की शुरुआत करेंगे। घर में मित्रों और सगे-संबंधियों के आवागमन से खुशहाली का माहौल रहेगा। आज आर्थिक लाभ मिलने की भी संभावना है। यात्रा की तैयारी रखें।

### वृषभ
क्रोध और हताशा की भावना आपके मन पर छायी रहेगी। घर-परिवार की चिंता के साथ खर्च के मामले में भी आज चिंतित रहेंगे। आपकी उग्रवाणी किसी के साथ मनमुटाव और झगड़े का कारण बनेगी।

### मिथुन
परिवार में खुशी और आनंद का माहौल रहेगा। नौकरी-धंधे में आपको लाभ का समाचार मिलेगा। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विवाह योग्य जातकों के रिश्ता पक्का होने के योग है। मित्रों से विशेष लाभ होगा।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरा कर पाएंगे। नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगी।

### सिंह
परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है। बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### कन्या
आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा। आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी।

### तुला
आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। विदेश में रहने वाले स्वजनों के समाचार मिलेंगे। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

### वृश्चिक
नए काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। बाहर के खाने से परहेज करें अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है। गुस्से को काबू करने के लिए ज्यादातर समय मौन ही रहें। खर्च में वृद्धि होगी।

### धनु
आज का दिन मौज- मस्ती, मनोरंजन, रोमांस में गुजरेगा। आपको कई जगह विशेष सम्मान मिलेगा। पार्टनरशिप के काम से लाभ होगा। अच्छे वस्त्र आदि खरीद सकते हैं। वाहन सुख का अच्छी तरह आनंद ले सकेंगे।

### मकर
शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा। भाग्य आपका साथ देगा। पारिवारिक शांति का माहौल आपके तन-मन को स्वस्थ रखेगा। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी।

### कुंभ
नौकरी में साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों और शत्रुओं की चाल निष्फल होगी। ननिहाल पक्ष की ओर से लाभ होगा। आर्थिक लाभ होगा। अचानक किसी काम में खर्च होगा।

### मीन
आज आप किसी यात्रा पर जाने का विचार त्याग दें। काम में सफलता नहीं मिलने से आप निराश होंगे और स्वभाव में गुस्सा होगा। दूसरों से बहस की जगह चुप रहने की आदत डालें। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

## स्वास्थ्य समाचार

# कच्चे चावल खाने से होते हैं आपको ये नुकसान

सफेद चावल की जगह एक्सपर्ट्स ब्राउन राइस खाने की सलाह देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सफेद चावल में कम पोषक तत्व पाए जाते हैं। वहीं ब्राउन राइस के अंदर भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, विटामिंस पाए जाते हैं।



### फूड पॉइजनिंग की समस्या

बता दें कि कच्चे चावल में बी सिरस यानी बैसिलस सिरस नामक बैक्टीरिया मौजूद होते हैं। ऐसे में अगर इन चावलों को कच्चा खाया जाए तो यह शरीर में फूड प्वाइजनिंग की समस्या को पैदा करते हैं। यह बेहद प्रभावशाली बैक्टीरिया होते हैं। एक्सपर्ट की मानें तो चावलों को पकाने के बाद भी यह बैक्टीरिया चावल में जिंदा रह सकते हैं।

### कार्डियोवैस्कुलर डिजीज

जहां चावलों की खेती होती है वहां उनकी मिट्टी में आर्सेनिक भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वहीं अगर बाढ़ आ जाए तो चावलों में भी रासायनिक तत्व आर्सेनिक की मात्रा बढ़ने लगती है। ऐसे में यदि चावलों को कच्चा या पका खाया जाए तो इससे कार्डियोवैस्कुलर डिजीज होने की संभावना बढ़ सकती है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि कच्चे चावल के सेवन से शरीर में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज हो सकता है।

### मल में खून आने की समस्या

कच्चे चावल का सेवन करने से शरीर की पाचन क्रिया को उन्हें पचाने में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। और जब वह आसानी से नहीं पच पाते तो पेट में दर्द, सूजन, पेट फूलने की समस्या, उल्टी इत्यादि समस्याएं पैदा होने लगती हैं। कभी-कभी आंतों में अधिक खुश्की हो जाने के कारण मल से खून आना शुरू हो जाता है।

### पथरी की समस्या

बता दें जो लोग अधिक मात्र में कच्चे चावल का सेवन करते हैं उन लोगों में पथरी का खतरा बढ़ने की संभावना रहती है। वहीं जिन लोगों को पहले से ही पथरी होती है उन लोगों को कच्चे चावल का सेवन नहीं करने की सलाह दी जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि कच्चे चावल के सेवन से पथरी का आकार बढ़ सकता है। इसके अलावा टमाटर के बीज, बैंगन के बीज, चना, उड़द दाल आदि के सेवन को भी मना करते हैं।

### गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्या

कच्चे चावलों में कुछ ऐसे योगिक पाए जाते हैं जो पाचन संबंधित समस्याओं को जन्म देते हैं। इसके अंदर लेक्टिन नामक प्रोटीन पाया जाता है। यह प्राकृतिक कीटनाशक और एंटीन्यूट्रिएंट्स के रूप में भी काम करता है। ऐसे में यह शरीर को पोषण तत्वों का अवशोषण करने से रोक सकता है। लेक्टिन आसानी से नहीं पचता, जिसके वजह से पाचन तंत्र से संबंधित समस्याएं हो जाती हैं और व्यक्ति को लक्षणों के तौर पर दस्त, उल्टी, पेट में दर्द आदि समस्याएं होने लगती हैं।

# ज्यादा नींबू के सेवन से हो सकती हैं ये समस्याएं एक दिन में कितना नींबू खाना है सुरक्षित

विटामिन सी का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। खट्टे फलों और सब्जियों में विटामिन सी की अधिकता होती है। इसलिए आज के समय में अधिकतर लोग खट्टे फलों और सब्जियों का सेवन अधिक से अधिक कर रहे हैं। इन्हीं खट्टे फलों और सब्जियों में से एक है नींबू। इन दिनों अधिकतर लोगों के घरों में नींबू मिल जाएगा। क्योंकि नींबू के सेवन से न सिर्फ इम्यूनिटी बूस्ट की जा सकती है, बल्कि गर्मी से राहत पाने के लिए भी लोग इसका इस्तेमाल करना बेहतर समझते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि नींबू में विटामिन सी की अधिकता होती है। लेकिन अधिक मात्रा में विटामिन सी लेना भी सेहत के लिए नुकसानदेय हो सकता है।

**जी घबराना :** नींबू में विटामिन सी मौजूद होता है। अगर आप अधिक मात्रा में विटामिन सी का सेवन करते हैं, तो इससे आपका जी घबरा सकता है। इसलिए पूरे दिन में सिर्फ 1 नींबू खाएं, यह आपके स्वास्थ्य के लिए बेहतर हो सकता है।



**डायरिया :** विटामिन सी की अधिक मात्रा लेने से डायरिया की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं अगर आपको गर्मी के सीजन में ज्यादा नींबू खाने से डायरिया, उल्टी जैसी समस्या हो जाए, तो आपके शरीर में पानी की कमी भी हो सकती है। इसलिए सीमित मात्रा में ही नींबू का सेवन करें।

**हार्टबर्न की समस्या :** नींबू के अधिक सेवन से हार्टबर्न की समस्या भी हो सकती है। वहीं, अगर पहले से ही आपको हार्टबर्न जैसी समस्या हो, तो नींबू से दूर ही रहना आपके लिए बेहतर है। हार्टबर्न को एसिड रिफ्लक्स भी कहा जाता है। हार्टबर्न की वजह से आपको सीने में दर्द और तेज जलन होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए एसिडिटी की समस्या होने पर नींबू सहित अन्य एसिडिक फूड्स का सेवन कम से कम करना चाहिए।

**पेट में ऐंठन या मरोड़ :** ज्यादा मात्रा में नींबू खाने से पेट में ऐंठन या फिर मरोड़ की भी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए एक बार में ज्यादा नींबू न खाएं। अगर आप नींबू ज्यादा ले रहे हैं, तो अन्य विटामिन सी युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन कम कर दें। इससे इस तरह की समस्याओं से बचाव किया जा सकता है।

**सिरदर्द या अनिद्रा :** अधिक मात्रा में विटामिन सी लेने से इंसोमेनिया या फिर सिरदर्द की समस्या हो सकती है। नींबू के साथ-साथ अन्य विटामिन सी युक्त सप्लीमेंट ले रहे हैं, तो इससे आपको रात में सोते वक्त बेचैनी हो सकती है।

**माइग्रेन :** कुछ लोगों को नींबू जैसे खट्टे फलों के सेवन से माइग्रेन की समस्या ट्रिगर हो जाती है। इसलिए अगर आपको माइग्रेन है या फिर माइग्रेन की समस्या पहले थी।

# हल्दी की चाय पीने से आपको होगें ये खास फायदे

चाय पीने का शौक किसे नहीं होता है। अमूमन घरों में सुबह की शुरूआत चाय की चुस्की के साथ ही होती है। अलग-अलग तरह की चाय पीना पसंद होता है। किसी की पसंद ग्रीन टी होती है तो कई लोग हर्बल टी पीना पसंद करते हैं।

**वजन घटाए :** वजन घटाने के लिए हल्दी की चाय को खूब इस्तेमाल किया जाता है। हल्दी में पाए जाने वाले गुण आपकी पाचन क्रिया और मेटाबॉलिज्म के स्तर को बढ़ाकर आपका वजन घटाने में मदद करते हैं। सुनहरा मसाला कहे जाने वाली हल्दी आपकी शरीर में या कमर के आस-पास की एक्स्ट्रा चर्बी को भी घटाने में काफी मदद करती है। हल्दी को पानी में मिलाकर पीने से भी आप वजन कम कर सकते हैं।

**इम्यूनिटी बढ़ाए :** एंटी ऑक्सीडेंट के तौर पर काम करने वाली हल्दी आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानि इम्यूनिटी को रफ्तार देती है। इस चाय में यदि अदरक भी मिलाई जाए तो यह आपके शरीर की इम्यूनोमोड्यूलेटिंग क्षमता को बढ़ाती है, जिससे इम्यूनिटी में भी इजाफा होता है। हल्दी में पाए जाने वाला करक्यूमिन आपकी इम्यूनिटी को तेजी से बढ़ाते हैं। इसमें एंटी इंफ्लामेटरी और एंटी माइक्रोबियल गुण मौजूद होते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। इसमें पाए जाने वाले कंपाउंड आपके लिवर को भी डिटॉक्स करते हैं।

**अर्थराइटिस का दर्द और सूजन ठीक करे :** अगर आप भी अर्थराइटिस के दर्द से परेशान हैं तो हल्दी की चाय का सेवन जरूर करें। यह सूजन कम करने में काफी मददगार होते हैं। साथ ही इसमें एंटी इंफ्लामेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो सूजन को कम कर आपको दर्द से भी छुटकारा दिलाते हैं।

# फ्रेश से ज्यादा बासी रोटी खाने के हैं इतने जबरदस्त फायदे

बासी रोटी सुनते ही ज्यादातर लोग मुंह बना लेते हैं लेकिन स्वाद की बजाय सेहत की बात करें, तो बासी रोटियां पोषण से भरपूर होती है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि गेहूं के आटे से बनी रोटियों को सबसे ज्यादा पौष्टिक और सुपाच्य माना जाता है लेकिन इन रोटियों के गुण तब और भी बढ़ जाते हैं, जब ये बासी हो जाती हैं।



### बासी रोटी के फायदे

- बासी रोटी को रोज दूध के साथ खाने से डायबिटिज और बीपी नियंत्रित रहता है। रोटी के बासी हो जाने से उनमें कुछ लाभकारी बैक्टिरिया आ जाते हैं इसके अलावा ग्लूकोज की मात्रा भी कम होती है।
- बासी रोटी को दूध के साथ खाने से पेट की बीमारियों से भी राहत मिलती है। इससे एसिडिटी, कब्ज जैसी समस्याएं दूर होती है। बासी रोटी में फाइबर होने से यह पाचन को भी ठीक करता है।
- बासी रोटी शरीर के तापमान को भी संतुलित बनाए रखने में मददगार है। दूध के साथ बासी रोटी को खाने से शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है। खासकर गर्मियों में इसका सेवन करने से हाई स्ट्रोक जैसी समस्याओं का खतरा नहीं रहता है।
- दूध के साथ बासी रोटी खाने से शरीर का दुबलापन भी दूर होता है और शरीर में बल की वृद्धि होती है।
- शरीर के दुबलेपन को दूर करने का यह सबसे कारगर उपाय भी है। खासकर रात के समय बासी रोटी खाना ज्यादा फायदेमंद होगा।

# उमराह करने जाने वालों का साफा व माला पहनाकर किया इस्तकबाल



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूण्डवा शहर मौलाना नईम अख्तर साहब 15 नवम्बर को उमराह हज के लिए जा रहे है। उमराह हज के जाने से पूर्व आज संस्कार बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में माला व साफा पहनाकर इस्तकबाल किया। विद्यालय के निदेशक अब्दुल रहमान देवड़ा ने बताया कि हज इस्लामी तीर्थयात्रा है. मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए यह पवित्र स्थान है. यहां विश्व के सभी देशों से मुस्लिम कौम के लोग पहुंचते हैं। हज यात्रा इस्लाम के 5 स्तंभों में भी शामिल है। साधन संपन्न व्यक्ति पर हज यात्रा करना फर्ज है। जीवन में कम से कम एक बार यह यात्रा अवश्य करनी चाहिए। यह सभी अल्लाह पाक से दुआ करेंगे कि मुल्क में अमन-चैन कायम हो. आपसी नफरत खत्म कर मोहब्बत कायम हो। प्रधानाध्यापक लाडमोहम्मद खोखर ने बताया कि जयपुर से 15 नवम्बर को सऊदी अरब के लिए इनकी फ्लाइट होगी और 20 दिन की मक्का मदीना की इबादत और जियारतों के बाद वापस घर लौटेंगे। इस दौरान कार्यक्रम के दौरान अब्दुल रहमान देवड़ा, प्रधानाध्यापक लाडमोहम्मद खोखर, देवेन्द्र पाराशर, कमल राव, सिरदार खत्री, मुराद खान, रुस्तम खोखर, महेंद्र पंवार, मधुबाला पाराशर , आसिफ देवड़ा,भारती, सोयब खान आदि मौजूद रहे ।

# मेड़ता में रक्तदान शिविर आज
## बहुरंगी पोस्टर का हुआ विमोचन




सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पिक्सलट सॉफ्टवेयर वेब एन्ड एप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन 9 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तसनीम खान, जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य एवं ब्लड डोनेशन मोटीवेटर शौकत अली भाटी, शहनवाज खान, रॉयल ग्रुप के अध्यक्ष इंसाफ भाटी, रामकरण चोयल आदि ने बहुरंगी पोस्टर का विमोचन किया।जिला सचिव खान ने रक्तदान की महत्ता बताई पिक्सल सोफ्टवेयर इंस्टीट्यूट के निदेशक फारूक देशवाली ने बताया कि हमारी इंस्टिट्यूट को दो वर्ष पूरे होने पर विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में पुराने पोस्ट ऑफिस के पास, पुरानी अग्रवाल कॉलेज के सामने श्री टॉवर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएह्गा इस मौके पर सराज खान पीह, मनीष सिखवाल, मोहम्मद आरिफ, रामनिवास भाटी आदि मौजूद थे।

# नाथद्वारा में चल रही मुरारी बापू की कथा समापन पर मेड़ता के द्वारका प्रसाद हुए सम्मानित



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** मिराज ग्रुप द्वारा नाथद्वारा में आयोजित हो रही कथा वाचक मोरारी बापू की श्री राम कथा का विधिवत रूप से समापन हुआ। इस मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में मिराज ग्रुप के सीएमडी मदन पालीवाल के द्वारा बेहतरीन सेवाओं, उत्कृष्ट कार्य के लिए मेड़तासिटी निवासी समाजसेवी, भामाशाह द्वारका प्रसाद जाजू व उनकी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महेश प्रजापत, विनोद प्रजापत, श्रवण नायक, रमेश वैष्णव, मुकेश सैनी, किशोर तिवारी, नरेश वैष्णव, गोपाल भरत नायक, दिनाराम चौधरी, मनीष वैष्णव, दीपू लखारा, राजू बेदावडी सहित मौजूद रहे।

# आईओसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल को दूसरी तिमाही में 2,749 करोड़ रुपये का घाटा

नई दिल्ली।

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को जुलाई-सितंबर में लगातार दूसरी तिमाही में कुल 2,748.66 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। सरकार द्वारा एकबारगी एलपीजी के लिए भुगतान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट से होने वाले नुकसान की भरपाई नहीं कर सका।

तीन ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने शेयर बाजारों को बताया कि कंपनियों को यह नुकसान पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी पर विपणन मार्जिन में गिरावट के कारण हुआ। पिछले दो वर्षों में रसोई गैस एलपीजी को लागत से कम दरों पर बेचने पर हुए नुकसान की भरपाई के लिए दिए गए 22,000 करोड़ रुपये के एकमुश्त सरकारी अनुदान से नुकसान कम हुआ। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने लगातार सात महीने तक दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। इन्हें लागत के अनुरूप प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संशोधन करना होता है। आईओसी ने 29 अक्टूबर को जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 272.35 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया, जो पिछले तीन महीनों में 1,995.3 करोड़ रुपये के नुकसान के पीछे आया था।

# पुलिस ने किया मर्डर मिस्ट्री का खुलासा
## बालक का अपहरण कर हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ ( नागौर डेली न्यूज )** । लाडनूं पुलिस टीम ने कम समय मे मर्डर मिस्ट्री का बड़ा खुलासा करते हुए नागौर पुलिस का मान बढ़ाया है। निकटवर्ती ग्राम तीतरी के नवदीप सिंह का अपहरण कर रेलवे ट्रेक पर मर्डर के मामले में नागौर पुलिस कप्तान राममूर्ति जोशी के नेतृत्व में एडिशनल एसपी विमल सिंह नेहरा व डीडवाना डिप्टी गोमाराम के निर्देशन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना का पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**यह था मामला :** डीडवाना सी.ओ. गोमाराम चौधरी ने बताया कि चांदसिंह पुत्र कान सिंह रावणा राजपूत निवासी तीतरी ने बड़ी खाटू में लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया कि मेरे भाई राजूसिंह के पुत्र नवदीप सिंह को सीताराम पुत्र मदनलाल मेघवाल निवासी छोटी खाटू मोबाईल दिलवाने का लालच देकर अपने साथ ले गया जिसका शव छोटी खाटू से बाडबरा रेलवे लाइन पर मिला है। जिसमें सीताराम द्वारा नवदीप का मर्डर करने की आशंका जताई गई। मामले में मामले की गंभीरता को देखते हुए लाडनू सीआई



सुरेंद्र सिंह राव एवं खूंखुना थानाधिकारी बनवारी लाल द्वारा अलग-अलग टीमों का गठन कर अनुसंधान शुरू किया गया। मृतक की लाश का पंचनामा तैयार कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द करवाया इसके पश्चात दौरान जांच संदिग्ध सीताराम उर्फ सुरेश पुत्र मदनलाल मेघवाल निवासी छोटी खाटू को दस्तयाब कर उससे पूछताछ की गई एंव दूसरी टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। मुलजिम सीताराम से गहनता से पूछताछ करने पर उसने बालक नवदीप का अपहरण कर छोटी खाटू के पास रेलवे के पटरियों पर ले जाकर मर्डर करने की वारदात को स्वीकार किया। जिस पर मुलजिम को गिरफ्तार कर लिया गया।

**पुलिस को गुमराह करने के लिए रेलवे ट्रेक पर की हत्या :** पुलिस द्वारा आरोपी से गहन पूछताछ में सामने आया कि मृतक बालक का पिता विदेश में रहता है। आरोपी सीताराम व मृतक नवदीप की माता के पिछले 1 साल से जान पहचान होने के चलते उनके आपस में अवैध संबंध स्थापित हो गए। जिसके चलते मृतक बालक उनके अवैध संबन्ध में बाधा बन रहा था जिस को रास्ते से हटाने के लिए कलयुगी माता से मिलकर उसने योजनाबद्ध तरीके से घर से मोबाइल दिलाने का लालच देकर अपहरण कर ले गया। एंव मामले पर पर्दा डालकर पुलिस को गुमराह करने के लिए रेलवे ट्रैक पर ले जाकर हत्या कर दी गई। मगर पुलिस की सजगता से मामले का शीघ्र पर्दाफाश हो गया।

# परमपूज्य लक्ष्मण सिंह सान्दू की द्वितीय पुण्य तिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



अ.रहमान देवड़ा


**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** सूरज सदन शिक्षा समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. लक्ष्मण सिंह सान्दू की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई, जिसमें लक्ष्मण सिंह के छोटे भाई शैतान सिंह सान्दू (व्याख्याता), भ्राता पुत्र पंकज सान्दू (संस्था निदेशक) भगवान सिंह सिसोदिया (प्रबंध निदेशक), भूराराम लामरोड ( प्रधानाचार्य ) व समस्त स्टाफ द्वारा भावभीनी श्रद्धांजील दी व छात्र छात्रों द्वारा 2 मिनिट का मौन रखा रखा गया। स्व. लक्ष्मण सिंह सान्दू द्वारा कड़लू फाटा पर डी डी एस गुरुकुल व सूरज सदन विद्याश्रम उ.मा.वि के रूप में शिक्षा रुपी पौधा लगाया। जो आज दिनोदिन उन्नति कर रहा है ।

# मुरारी बापू से राजस्थानी भाषा मान्यता की गुहार

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** अखिल भारतीय राजस्थानी भाषा मान्यता संघर्ष समिति के संस्थापक, अन्तरर्राष्ट्रीय मुख्य संगठक व राजस्थानी के वरिष्ठ साहि त्यकार लक्ष्मणदान कविया ने 5 नवम्बर को नाथद्वारा में सायंकालीन मुला कात में जगत प्रसिद्ध रामकथा वाचक परम श्रद्धेय मुरारी बापू से राज स्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने में सहयोग एवं आशीर्वाद देने की गुहार लगायी।

कविया नें ज्ञापन में लिखा कि राजस्थान प्रदेश की प्रतीक, विश्व के 16 करोड़ नागरिकों की मातृभाषा राजस्थानी गुजराती की अग्रजा है। देश आजाद होने पर गुजरात को तो महात्मा गांधी व सरदार पटेल जैसे दिग्गज नेताओं के नेतृत्व के कारण गुजराती को संवैधानिक मान्यता मिल गई। लेकिन दुर्भाग्यवश राजस्थान में कद्दावर नेता के अभाव के कारण सर्वसमर्थ होते हुए भी राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता नहीं मिली। हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने के हित में राजस्थान प्रदेश की भाषा हिन्दी स्वीकार कर ली गई।दुष्परिणाम स्वरूप आजादी के



75 वर्षों के बाद भी राजस्थानी को मान्यता के लिए तरसना पड़ रहा है। पिछले 70-80 वर्षों से राजस्थानी भाषा की मान्यता की मांग बराबर चली आ रही है, लेकिन राज्याश्रय के अभाव में इस विश्व की 25वी एवं भारत की तीसरी समृद्ध भाषा राजस्थानी को मान्यता के लिए केन्द्र सरकार के मुँह की ओर ताकना पड़ रहा है। कविया ने लिखा कि हालांकि, राजस्थान सरकार ने 25 अगस्त 2003 को राजस्थान विधानसभा में सर्वसम्मति से राजस्थानी भाषा की मान्यता का संकल्प पारित कर केन्द्र सरकार को भेज दिया था। प्रदेश के सांसद की उदासीनता के कारण इस मुद्दे पर संसद में दबाव नहीं बन पा रहा है।

# छः माह बाद मृत बच्चे के साथ पीहर मीठड़ी पहुंची युवती, ससुराल पक्ष ने जताई हत्या की आशंका

श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज )** । मीठड़ी कस्बे में पांच खम्बा स्थित रेगर मौहल्ला में सोमवार शाम को एक घटना प्रकाश में आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को कुछ युवक एक नवविवाहिता को ग्राम मीठड़ी में छोड़कर चले गये। उसके पास एक बच्चा था जो मृत अवस्था में था। ग्रामीणो के अनुसार नव विवाहिता का विवाह 2018 में हुआ था। नव विवाहिता अपने पीहर मीठड़ी से छः माह पूर्व फरार हो गई थी। नवयुवती के इस हाल में वापस लौटने पर परिजनो घबरा गए। वही मौहल्ले में हडकंप मच गया। नव विवाहिता के घर देखने वालो की भीड़ जमा हो गई। नवयुवती के परिजनो की सूचना पर नावां पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। बच्चे के शव रात्री को पुलिस जाप्ते के साथ परबतसर पहुचाया गया, जिसे थाना की मोर्चरी में रखवा दिया था। युवती के ससुराल पक्ष से उसके पति सुनिल कांसोटिया पुत्र सोहनलाल कांसोटिया निवासी कोढि तहसील किशनगढ़ रेनवाल परबतसर थाना में मर्ग दर्ज करवाकर बताया कि



उसकी शादी 20 जून 2018 को पूनम पुत्री मालचंद मुण्डोतियां के साथ हुआ। 14 जून 2022 को पीहर मीठड़ी से हरियाजून मावलियां के जाने कहकर बच्चे को साथ लेकर निकल गई। वापस घर नहीं आने पर नावां थाना गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस ने कुछ दिनो बाद फरार युवती को डारपुरा के कैलाश चौधरी के साथ नावां थाने में पेश किया। इस दौरान युवती प्रेमी कैलाश के साथ जाने की इच्छा जाहिर की। यह कहकर पुत्र प्रिंस उसके साथ ही चला गया। उसके बाद उसे मेरा कोई सम्पर्क नहीं हुआ। 7 नवम्बर को फोन पर सूचना मिली। पुत्र प्रिंस की मौत हो गई है। कांसोटिया ने दर्ज मर्ज में बताया कि मेरी पत्नी पूनम व प्रेमी कैलाश ने मिलकर मेरे पुत्र प्रिन्स (3) हत्या की है। इसकी जांच करवाई जाय। दोषियो पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मंगलवार को परबतसर में मृतक बच्चे का पोस्टमार्टम किया गया। साथ ही परबतसर में ही युवती के पीहर पक्ष , ससुराल व पुलिस प्रशासन, विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच लोकेन्द्र सिंह आदि मौजूद बच्चे का दाह-संस्कार कर दिया।

**इनका कहना है :** 29 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक बच्चा अजमेर अस्पताल में भर्ती था। 7 तारीख को ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी अस्पताल रिपोर्ट युवती पूनम के पास है।





बच्चे के शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है, पुलिस प्रशासन व परिजनो की मौजूदगी शव का दाह संस्कार आज करवा दिया गया है। पुलिस प्रशासन घटना को लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

**सुभाष पुनिया,**
**परबतसर एसएचओ**

# पूर्व यातायात मंत्री यूनुस खान मेड़ता क्षेत्र के दौरे पर, लोगो ने किया अभिनंदन



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान सरकार के पूर्व यातायात मंत्री यूनुस खान के मेड़ता आगमन पर ऑल मुस्लिम चैरिटेबल सोसायटी व कायमखानी छात्रावास मेड़ता की तरफ से माला साफा पहनाकर इस्तकबाल किया गया पूर्व यातायात मंत्री खान ने मेड़ता क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर ऑल मुस्लिम चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बक्सु खा, संयोजक शौकत अली भाटी, सचिव इंसाफ भाटी, रमजान खान प्रधान, कायमखानी छात्रावास के अध्यक्ष बशीर खान, सचिव नियाज मोहम्मद खान, उपाध्यक्ष अमजद खान के के, कोषाध्यक्ष रमजान खा, प्रवक्ता दौलत खा, रमजान खा प्रधान, बनैखा, नईम छिपा, हाकम अली खान, गुलशेर खान सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



# ग्रहण पर युवाओं ने किया दान पुण्य

सुशील कुमार

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )** । मेड़तासिटी शहर के पृथ्वीराज के थड़ा के पास मंगलवार को युवा मंडल के कार्यकर्ताओं ने चंद्रग्रहण पर गायों के लिए 101 किलो लापसी दलिया बनाकर खिलाया कर सेवा कार्य किया गया।इस मौके पर मोहल्ले वासियों ने खूब दान पुण्य किया। इस मौके पर पार्षद दिलीप टाक, पार्षद ओमप्रकाश गहलोत, पार्षद राजेंद्र सांखला, राकेश तंवर, राजू भाटी, कचरूराम, छोटूराम पालरिया, बनवारी लाल वैष्णव, बिट्टू भाटी, राजसा रांकावत, सुरेश तंवर दीपक वैष्णव, प्रकाश तिवारी, मनोहर भाटी, राहुल भाटी मौजूद रहे।

# विदेशी बाजारों में मंदी से सोयाबीन सीपीओ और पामोलीन में मामूली गिरावट

नई दिल्ली।

विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख और गुरुपर्व के मौके पर देश में सोयाबीन और सरसों की अधिकतर मंडियों के बंद होने के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में मंगलवार को सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ), बिनौला और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई। वहीं सोयाबीन तिलहन, सोयाबीन डीगम तेल, सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहनों के भाव पूर्ववत बने रहे। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में एक प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में अधिक घट-बढ़ नहीं है। मलेशिया एक्सचेंज की गिरावट से तेल कीमतों पर दवाब कायम हो गया और सीपीओ तथा पामोलीन तेल हानि के साथ बंद हुए। जाड़े की मांग और शादी-विवाह के मौसम की मांग होने के बीच गुरु पर्व के मौके



पर अधिकतर मंडियों के बंद होने से सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन और और सोयाबीन तिलहन कीमतें पूर्वस्तर पर रहीं। सोयाबीन डीगम तेल के दाम भी पूर्वस्तर पर बंद हुए जबकि सोयाबीन दिल्ली और इंदौर नरम बंद हुए।

सूत्रों ने कहा कि सरकार का सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के शुल्कमुक्त आयात का कोटा निर्धारित करना व्यावहारिक रूप से ठीक नहीं है और इस फैसले के परिणामस्वरूप बाजार में कम आपूर्ति की स्थिति पैदा हो गई है जिससे इन तेलों के दाम सस्ता होने के बजाय महंगा हो गये।

# मांडल जोधा में 15 वर्ष पुराने अतिक्रमण पर चला पीला पंजा, खुलवाया रास्ता





## -उपखंड अधिकारी सहित अधिकारी रहे मौजूद

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** मंगलवार को डेगामा के ग्राम मांडल जोधा में सुबह 8 बजे ही आज प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर अतिक्रमणकारियों के यहां धावा बोला गया। प्रसासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कारवाही मे 7 जे सी बी चार ट्रैक्टर, 40 मजदूर 60 पुलिस जिसमे महिला एवं पुरुष जाब्ता उपस्थित रहे। डेगाना प्रसासन के आला अधिकारी जिनमें कार्यपालक मजिस्ट्रेट उपखंड अधिकारी डेगाना पंकज गढ़वाल, तहसीलदार डेगाना सज्जन राम मय राजस्व टीम मौके पर उपस्थित रहे। संपूर्ण दिन की मशक्कत के दौरान लगभग 1.5 किलोमीटर लंबे पूर्व में चिन्हित रास्ते को खुलवाया गया एवं चौड़ा किया गया। ग्रामीणो ने प्रसासन की इस कारवाही की प्रशंसा करते हुवे अतिक्रमण करने वालो के लिये एक अहम कदम बताया। मांडल जोधा के अतिक्रमण को हटाने हेतु पंकज गढ़वाल उपखंड अधिकारी, नंदलाल सैनी पुलिस उपाधीक्षक, सज्जन राम तहसीलदार, नरेंद्र जाखड़ थानाधिकारी डेगाना एवं 4 थानाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे । इस प्रकार संपूर्ण दिन भर की कड़ी मशक्कत के बाद राजस्व टीम द्वारा मांडल जोधा में 15 वर्षो पुराने अतिक्रमण को ध्वस्त करके आम जनता को राहत प्रदान की गई।

# स्टेशन रोड पर अनियंत्रित बोलेरो दुकान में घुसी, जनहानि टली





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )** : शहर के स्टेशन रोड स्थित सैकण्ड पेट्रोल पम्प के पास मंगलवार को प्रात:काल हादसा हो गया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन दो कारें व दुकान क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड पर चल रहे सिवरेज के कार्य के कारण सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो रखी है। तेज गति से आ रही एक बोलेरों कार सड़क के बीच में बने चैम्बर के कारण अनियंत्रित हो गई। बोलेरों ने पहले तो सामने से आ रही एक अन्य कार को टक्कर मारी फिर साइड में मुड़कर तेज गति से दुकान में घुस गई। हालांकि ड्राइवर व दुकानदार दोनों ही इस घटना में बाल बाल बच गए लेकिन दुकान व कार को नुकसान जरूर हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त बोलेरों व चालक को अपने साथ थाने ले गई। वहीं पिछले काफी समय से सीवरेज की लाइन डलने के बावजूद रोड का काम शुरू नहीं होने से स्थानीय दुकानदारों ने रोष व्यक्त किया।

## सीसीटीवी फुटेज में दिखा कार में आग लगाने वाला युवक



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )** : सोमवार को शहर के सेवा समिति की गली में खड़ी कार में आग लगने की घटना मामले में नया मोड़ आया है। दरअसल आग शॉर्ट सर्किट से नहीं बल्कि जान बूझकर लगाई गई थी। मंगलवार को एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया जिसमें साफ साफ दिख रहा है एक युवक काफी देर तक कार के इर्द–गिर्द घुमकर उसमें आग लगाने का प्रयास कर रहा है। जहां कार खड़ी थी उसके ठीक ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगा था परन्तु युवक का ध्यान उस कैमरे पर नहीं गया। कंधे पर बैग टांगे युवक काफी देर तक कार के ईद–गिर्द घुमकर कारगुजारी करता साफ साफ प्रतीत हो रहा है। इसके कुछ देर बाद ही आग लगकर पूरी कार खाख हो जाती है।

# बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, हादसा टला

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना लवादर व पुन्दलौता के बीच मे बजरी से भरा ट्रेक्टर ट्राली सहित पलटी खा गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेक्टर चालक निम्बडी लवादर से बजरी लेकर आ रहा था, लेकिन बीच सडक पर सामने से एक गाय अचानक से ट्रेक्टर के सामने आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में ट्रेक्टर चालक कासंतुलन बिगड गया ओर सड़क किनारे पलट गया, लेकिन गाय से टकराने से बच गया। इस सडक हादसे मे चालक को मामूली चोटे आई किसी प्रकार की कोई जनहानी नही हुई। सूचना पर पुलिस भी मोके पर पहुंची ओर जेसीबी की सहायता से ट्रेक्टर को सीधा किया गया।



# नावां पुलिस के पहुंचने से पहले जुआरी हुए मौके से गायब

## मुखबिर ने पुलिस अधीक्षक को करवाया था अवगत

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज )** : शहर में बीते कई दिनों से जुआ सट्टा का कारोबार दिन दूगनी चार चौगुनी चल रहा है लेकिन प्रशासन को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और जुआ व सट्टा करने वाले लाखों रुपए का जुआ व सट्टा बेखोफ करते रहते हैं लेकिन प्रशासन अनजान बनकर बैठा हुआ है। ताज्जुब की बात यह है कि मंगलवार को मुखबीर ने नागौर पुलिस अधीक्षक को व्हाट्सएप मैसेज डाल कर एक बड़े जुआ व सट्टा गिरोह के बारे में अवगत कराया गया सूचना मिलते ही कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक ने धर्मेश दायमा के नेतृत्व में टीम भेजकर छापामारी की गई लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही जुआरियों को भनक लग चुकी थी, वे मौके से नौ दो ग्यारह हो गए नावा पंचायत समिति के सामने एक खेत में बने मकान में पुलिस ने छापामारी की लेकिन पुलिस को मौके पर कोई नहीं मिला मौका स्थल पर बिस्तर पानी का कैंपर ताश की पत्तियां मिली। मौका स्थल को देखने से अनुमान लगाया जा सकता है कि कई गाड़ियो में कई लोग यहां मौजूद थे। गाड़ियों के चिह्नो के निशान व गुटखा पूडी बीड़ी सिगरेट के खाली रैपर नजर आए। मुखबीर द्वारा सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंचती है उससे पहले ही जुआरियों को भनक लगना और मौके से नदारद होना पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करता है।



**इनका कहना है :** 'मुखबिर की सूचना पर मैं खुद पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचा जहाँ पर कोई भी व्यक्ति नजर नहीं आया। बिस्तर व पानी का कैंपर जरूर मीले।

**धर्मेश दायमा, नावां थानाधिकारी**

# विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज )** : मंगलवार को स्थानीय विद्यालय सुभाष बोस उच्च माध्यमिक शिक्षण संथान में कक्षा नवीं के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मॉडल प्रदर्शनी के तहत आयोजन कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार रामकुमार तिवाड़ी रहे। वंही मुख्य अतिथि योग प्रशिक्षक व आयुर्वेद ज्ञाता जयप्रकाश दाधीच थे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत व्याख्याता सुरेन्द्रजीत कोर व व्याख्यता पूनम चौधरी रही। कक्षा नवीं के कक्षाध्यापक ललित कुमार ठोलिया के निर्देश में विद्यार्थियों के 15 मॉडल बनाकर विज्ञान की महत्ता को समझाने का प्रयास किया। सभी विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। ततपश्चात सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता माह अक्टूबर का परिणाम सुनाया गया, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक वरिष्ठ वर्ग में 50 अंकों में से 49 अंक प्राप्त कर कक्षा 12वीं कला वर्ग की छात्रा फिजा खान पुत्री असगर खान प्रथम स्थान पर रही। कक्षा 6 से 8 में विभिन्न विद्यार्थियों के 30 अंकों में से 29 अंक प्राप्त कर नेहा प्रजापत, नवरतन गुर्जर, कृष्णा सारण, देवान्शु चन्देलिया, तनुश्री तथा सानिया प्रथम रहीं। सभी को पारितोषित देकर समानित दिया गया।

कबड्डी प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में बेस्ट रेडर निशा खिंची व बेस्ट डिफेन्डर रजनी रहीं वही छात्र वर्ग में बेस्ट रेडर रामनिवास व बेस्ट डिफेन्डर जगदीश रहे। तथा समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर केम्प में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक समानित किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक जयप्रकाश दाधीच ने विद्यार्थियों को योग की महता को समझने पर बल दिया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवरलाल मील ने किया। कार्यक्रम का संचालन शक्ति सिंह चौहान ने किया।

# जैन भवन में मंगलभावना समारोह आयोजित




शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** परमपूज्य महातपस्वी युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी की सुशिष्या साध्वी डॉ. सम्पूर्ण का डेगाना में मंगलभावना समारोह मनाया गया। प्रवीण ओसवाल ने जानकारी देकर बताया कि इस अवसर पर हरिश जोगड़ (ईशाना सभा मंत्री) ने बाहर से पधारे महानुभावों का स्वागत किया। समारोह का संचालन रौनक चौरडिया व प्रियांशी चौरडिया ने किया सोनल चौरडिया, शीतल चोरडिया, सुनिता चोरडिया, सौम्या चोरडिया, रिखब चोरडिया, प्रेक्षा सुराणा, ललिता चोरडिया गौतम कोठारी, लक्ष्मी देवी सांखला, प्राची चोरडिया, महावीर सुराणा, ताराचंद कोठारी ईडवा अध्यक्ष पुखराज ओसवाल ने अपने अपने विचार रखे और साध्वी श्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। अंत मे साध्वी सम्पूर्णयशाजी का यशस्वी भाषण हुआ। साध्वी ने आत्मा का ज्ञान करवाया। डेगाना नगर पालिका अध्यक्ष मदन लाल अटवाल व पुखराज जी चौरडिया का विशेष सहयोग व हरदम तैयार रहते यह बतलाया । इस अवसर पर साध्वी डॉ. सम्पूर्णयशाजी ने फरमाया विदाई का पल गमगीन होता है। चातुर्मास से व्यक्ति को सब कुछ सुनने को मिलता है। राजा नास्तिक से आस्तिक बन गया चेतना जाग जाए तो परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष मदन लाल अटवाल, मनोनीत पार्षद द्वारकाप्रसाद हेड़ा,मोडु राम कूकंणा, दशरथ सिंह, पार्षद गिरधारी मुंडेल, विमल जैन, मनीष भंडारी, संदीप जैन, सत्यनारायण शर्मा व अन्य जैन महाजन मौजूद रहे।

# चंद्र ग्रहण पर सूतक काल में भक्ति भाव का अनूठा कार्यक्रम हुआ आयोजित

## चारभुजानाथ मंदिर में ऐतिहासिक पाठ, अखंड श्रीरामचरित मानस सुंदरकांड में जुटा पूरा शहर



सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )** : मेड़तासिटी के विश्व प्रसिद्ध मीरा बाई व चारभुजानाथ मंदिर में मंगलवार को आस्था व श्रद्धा सैलाब देखने को मिला। मंदिर परिसर में ऐतिहासिक श्रीरामचरित मानस सुंदरकांड पाठ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। इसके साथ ही सुंदर कांड के पाठ का वाचन किया। मंदिर में दोपहर 1 बजे से दोपहर 3 बजे तक पाठ चला। इसके बाद 3:13 से 3:23 बजे तक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ। मंदिर में हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन समिति से जुड़े नवल किशोर शर्मा, बस्तीराम विश्नाई ने बताया कि चंद्र ग्रहण का सूतक काल होने की वजह से मंदिर के मुख्य कपाट बंद थे और सूतक काल में भक्ति भाव की मान्यता होने की वजह से इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी श्रद्धालुओं के लिए हवा, पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई। मंदिर में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए 8 अलग–अलग ब्लॉक बनाए गए। इस आयोजन में मेड़ता शहर, रेण, निम्बोला, सोगावास, डांगावास, शुभदंड सहित एक दर्जन से भी ज्यादा गांवों से स्पेशल बसों के जरिए श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान मीरा महोत्सव समिति अध्यक्ष सीपी बिड़ला, सुनिल सिखवाल, धर्मीचंद सोनी, सुरेश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बिजली संयंत्रों के पास 31 अक्टूबर तक कोयले का भंडार बढ़कर 2.56 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** देश में ताप बिजली संयंत्रों के पास 31 अक्टूबर तक कोयले का भंडारण बढ़कर 2.56 करोड़ टन हो गया।

सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी देते कहा कि कोविड वर्ष 2020–21 को छोड़कर यह अक्टूबर माह में अबतक का सबसे ऊंचा कोयला भंडार है। बिजली और रेल मंत्रालय के सहयोग से बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये उसकी नियमित निगरानी की जाती है। बिजली क्षेत्र को घरेलू कोयले की आपूर्ति पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। यह किसी भी वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में बिजली क्षेत्र को होने वाली सर्वाधिक कोयला आपूर्ति है। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि कोयले का उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने के लिए 141 नई कोयला खानों को हाल में नीलामी के लिये रखा गया है।

## एमआरएफ का सितंबर तिमाही का लाभ 32 प्रतिशत घटकर 130 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली।

टायर विनिर्माता एमआरएफ का एकीकृत शुद्ध लाभ 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 32 प्रतिशत घटकर 130 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई–सितंबर तिमाही में 190 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

हालांकि, कंपनी की परिचालन आय दूसरी तिमाही में बढ़कर 5,826 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4,908 करोड़ रुपये थी। बीती तिमाही में कंपनी का कुल खर्च भी 21 प्रतिशत बढ़कर 5,730 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 4,741 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए तीन रुपये प्रति शेयर (30 प्रतिशत) का अंतरिम लाभांश घोषित किया है।

## भारत की अगली डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाएंगे सार्वजनिक साधन : आदिल शेट्टी

नई दिल्ली।

डिजिलॉकर, खाता एग्रीगेटर प्रणाली और वीडियो ई–केवाईसी जैसे सार्वजनिक साधन भारत की अगली डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाएंगे। बैंकबाजार डॉट कॉम के संस्थापक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आदिल शेट्टी ने यह बात कही। सार्वजनिक साधन उन वस्तुओं एवं सेवाओं कहते हैं, जो समाज के सभी सदस्यों के लिए समान रूप से उपलब्ध होती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल में कहा था कि देश में 2022 में डिजिटल लेनदेन का आंकड़ा 50 अरब तक पहुंच गया।

शेट्टी ने एक बातचीत में कहा कि यह आंकड़ा अमेरिका और चीन की तुलना में तीन गुना है। इसे डिजिटल भुगतान क्रांति के दौरान यूपीआई, रुपे और आधार जैसे डिजिटल सार्वजनिक साधनों की मदद से हासिल किया गया। उन्होंने कहा, ''बैंकबाजार का मानना है कि एक और क्रांति हो रही है। दुनिया इसे अब से एक या दो साल में पहचान लेगी। यह अगली डिजिटल क्रांति होगी, जो दूसरी पीढ़ी के सार्वजनिक साधनों द्वारा संचालित होगी, जैसे डिजिलॉकर,



खाता एग्रीगेटर और वीडियो ईकेवाईसी आदि।'' उन्होंने कहा कि आज भारत में डिजिलॉकर पर 12.8 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं और 400 प्रकार के दस्तावेज इससे जुड़े हैं। इस तरह तकनीकी रूप से 500 करोड़ ई–दस्तावेज डिजिलॉकर जमा किए जा सकते हैं। शेट्टी ने आगे कहा, ''यह (देश में) ऋण के लिए पासा पलटने वाला है। खाता एग्रीगेटर के संबंध में एक बड़ा बदलाव तब हुआ, जब वित्त मंत्री ने इस साल की शुरुआत बैंकों से इस प्रणाली से जुड़ने के लिए कहा था।'' खाता एग्रीगेटर मॉडल से छोटे कर्जदारों को आसानी से ऋण मिलेगा और डिजिटल कर्ज बढ़ेगा। शेट्टी के मुताबिक, इस समय एक अरब (100 करोड़) बैंक खाते अकाउंट एग्रीगेटर (एए) प्रणाली पर उपलब्ध हैं।

## पूर्वोत्तर के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों को दिसंबर 2023 तक 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा : रिजीजू

नई दिल्ली।



केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजीजू ने मंगलवार को कहा कि पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों के सभी दूरस्थ गांवों को दिसंबर 2023 तक 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। रिजीजू ने यहां एक बैठक में पूर्वोत्तर के सभी गांवों में 4जी मोबाइल इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए एक परियोजना की समीक्षा के बाद कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति हो रही है। उन्होंने कहा इसलिए कोई भी दूरस्थ क्षेत्र इंटरनेट के उपलब्धता के बिना न रहे और यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य है। उन्होंने पीटीआई से कहा, ''पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में सभी दूरस्थ गांवों को दिसंबर 2023 तक 4जी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बैठक का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना और उन सभी को साथ लाकर खामियों को दूर करना है। रिजीजू ने ट्वीट किया, ''पूर्वोत्तर के सभी दूरस्थ गांवों में 4जी मोबाइल सेवा प्रदान करने के लिए '4जी संतृप्ति परियोजना' की समीक्षा की। दूरसंचार सचिव और सशस्त्र बलों समेत अन्य अधिकारियों ने भी समीक्षा में भाग लिया।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com